ने इन बातों को ठीक नहीं माना है ।

(ग) इस बारे में कोई खास प्रस्ताव विचाराधीन नहीं हैं, और आशा की जाती है कि जो कुछ भी सुधार जरूरी होंगे उन पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा वित्तीय और भौतिक सीमाओं को ध्यान में रखते हुए अमल किया जावेगा ।

जामिया मिलिया दिल्ली में आग

1959. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :**
श्री रामावतार शास्त्री :
श्री जगेश्वर यादव :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री इसहाक सम्भली :
श्री योगेन्द्र शर्मा :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री यमुना प्रसाद मंडल :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 21 अक्तूबर, 1969 को दिल्ली में जामिया मिलिया भवन को आग लगाने का प्रयत्न किया गया था;

(ख) यदि हां, तो क्या पुलिस ने इस मामले में जांच पूरी कर ली है; और

(ग) यदि हां, तो उसकी क्या आपत्तियां हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग). दिल्ली प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार 20 अक्टूबर, 1969 को जामिया मिलिया के एक हिस्से में आग लग गई । वह दमकल द्वारा बुझाई गई । पुलिस द्वारा एक मामला दर्ज किया गया और अभी तक जांच-पड़ताल की जा रही है ।

कामेक्स युवा समारोह के लिए अपर्याप्त व्यवस्था सम्बन्धी शिकायतें

1960. **रघुवीर सिंह शास्त्री :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस सम्बन्ध में शिकायतें प्राप्त हुई थीं कि सितम्बर, 1969 में हुए कामैक्स युवा समारोह के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई थी और यहां तक की अत्यधिक आवश्यक सुविधाएं भी वहां उपलब्ध नहीं कराई गई थी,

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उन शिकायतों के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) इस कामैक्स के उद्देश्य क्या थे और उनको किस सीमा तक प्राप्त किया गया ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) आयोजकों द्वारा किए गए अपर्याप्त प्रबन्धकों की समाचार-पत्रों द्वारा प्रतिकूल आलोचना की गई है । समाचार-पत्रों की रिपोर्ट के अलावा इस मंत्रालय को किसी अन्य सूत्र में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) कामैक्स, ब्रिटेन के अनुसार, कामैक्स 'सम्मेलन' का उद्देश्य 'नवयुवकों के मस्तिष्क में राष्ट्रमण्डलीय भावना जीती जागती रखना' है । इस मंत्रालय द्वारा आयोजकों से कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, जिसमें उन्होंने अपनी उपलब्धियां बताई हों ।

Muzaffarpur on Air Map

1961. **SHRI B. P. MANDAL :** Will the Minister of TOURISM RND CIVIL AVAITION be pleased to state :

(a) whether there is any proposal to